SEM-I: 2026 स्वीम

धोरण- 8

विषय- हिन्दी

प्रश्न:1 [अ] निम्नलिखित प्रश्नों के दो-तीन वाक्य में उत्तर लिखिए। [किन्हीं चार] [12]

(1) बूढ़ी अम्मा का क्रोध स्नेह में क्यों बदल गया?

→ हामिद के चिमटा लाने पर अम्मा को दुःख हुआ। उसे हामिद की नासमझी पर क्रोध भी आया। हामिद ने दादी से कहा कि रोटियां पकाते समय तुम्हारी उँगलियां जल जाती थीं, इसलिए मैं चिमटा लाया हूँ। यह सुनकर बूढ़ी अम्मा का क्रोध स्नेह में बदल गया। हामिद के त्याग, सद्भाव और विवेक पर वह न्योछावर हो गई।

(2) अंतरिक्ष यात्रा में किस प्रकार की मुश्किलें आती हैं?

→ अंतरिक्ष स्पेस स्टेशन में रहना आसान नहीं है। वहाँ खाने से लेकर नहाने तक की सभी क्रियाओं में मुश्किलें हैं।

(3) पढ़े हुए से देखा हुआ ज्यादा याद रह जाता है? क्यों?

→ देखे हुए दृश्य का चित्र मस्तिष्क में ज्यों का त्यों अंकित हो जाता है। पढ़ने से केवल मन में काल्पनिक चित्र बनता है। कल्पना में वह सच्चाई नहीं होती जो यथार्थ में होती है। इसलिए पढ़े हुए से देखा हुआ देर तक याद रह जाता है।

(4) 'भरत' एकांकी के आधार पर बालक सर्वदमन की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

→ सर्वदमन सुंदर, स्वस्थ और आकर्षक बालक है। उसका मुख अग्नि के समान चमक रहा है। उसका साहसी और निर्भय स्वभाव देखकर आश्चर्य होता है। सिंह शावक के साथ खेलने में वह जरा भी नहीं डरता। शावक की माँ सिंहनी का भी उसे भय नहीं है। वह इतना हठी है कि तपस्विनियों के समझाने का उस पर कोई असर नहीं होता। उसके हाथ में चक्रवर्ती सम्राट के लक्षण हैं। उसे खिलौनों से स्वाभाविक लगाव है।

(5) घोड़े पर सवार होते हुए पथिक ने मिरज़ा से क्या कहा?

→ घोड़े पर सवार होते हुए पथिक ने मिरज़ा से कहा कि उस स्त्री को मैं कुछ दे नहीं सका। इस स्थान पर इसका पक्का घर बनवा देना, क्योंकि मैंने विपत्ति में यहाँ विश्राम पाया है।

[ब] निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। [08]

1	खुदा चाहे तो क्या टाल सकता है?	A	आफत
2	मोहसीन ने हामिद को क्या कहा?	B	बुद्धु
3	अमर सपूत किसका नवनिर्माण करेंगे?	C	देश का
4	देश का अनिवार्य अंग कौन है?	B	सेना
5	मेनका कौन थी?	C	अप्सरा
6	स्पिट्ज़र स्पेस क्या है?	A	नासा का टेलिस्कोप
7	आखेटक ने राहुल के पिताजी से क्या माँगा?	A	अपना शिकार
8	टोलियों में कौन थे?	B	पठान सैनिक

प्रश्न: 2 [अ] निम्नलिखित प्रश्नों के दो-तीन वाक्य में उत्तर लिखिए। किन्हीं चार [12]

[1] कवि ईश्वर से क्या चाहते हैं?

→ कवि चाहते हैं कि ईश्वर लोगों के अपराधों को क्षमा कर दे। वह हमेशा लोगों पर अपनी कृपादृष्टि रखे। दुनिया के लोग किस हालत में है, इसकी वह हमेशा खबर रखे और दुनिया पर आनेवाली आफतों को दूर करे।

(2) देश के नवनिर्माण के लिए आप क्या-क्या करना चाहेंगे?

→ देश के नवनिर्माण का कार्य करना मैं अपना कर्तव्य समझता हूँ। इसके लिए मैं अपने मुहल्ले में एक 'मित्र मंडल' की स्थापना करूँगा। इस मंडल के माध्यम से साक्षरता का प्रसार किया जाएगा। निर्धन परिवारों के विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकें दी जाएँगी। हम अपने मुहल्ले में एक वाचनालय खोलेंगे। यहाँ बैठकर लोग अखबार पढ़ सकेंगे। मंडल की तरफ से वृक्षारोपण किया जाएगा। और समय-समय पर आरोग्य-शिबिर लगाए जाएँगे।

[विद्यार्थियों द्वारा दिए गए योग्य उत्तर मान्य रखेंगे]

(3) राहुल के पिताजी कहाँ भ्रमण कर रहे थे? कब?

→ राहुल के पिताजी बड़े सबेरे बगीचे में भ्रमण कर रहे थे।

(4) कवि नई मुस्कान कहाँ देखना चाहते हैं?

→ दिलों के फूल स्वतंत्रता के प्रकाश में खिलते हैं। हमारा देश सदियों तक गुलामी के अंधेरे में रहा है। विदेशी शासक

4 'तू अपनी नजर हम पर रखना' ऐसा कवि क्यों कहते है?

→ 'तू अपनी नजर हम पर रखना' ऐसा कवि इसलिए कहते है कि, ईश्वर उसकी हर हाल में खबर रखे और दुःख के समय उसके साथ रहे।

यहाँ के लोगों पर अत्याचार करते रहे। अन्याय और तरह-तरह का शोषण सहते-सहते लोग अपना स्वाभिमान खो बैठे। उनके दिलों में उदासी छा गई। कवि की इच्छा है कि ऐसे मुर्दा दिलों में फिर से नए जीवन का संचार हो। इस प्रकार कवि युग-युग से लोगों के मुरझाए हुए हृदय सुमनों पर नई मुस्कान देखना चाहते है।

→ ब. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। [04]

(1) रक्षक पर भक्षक को वारे न्याय दया का दानी।
(2) सर्वदमन के मुख की चमक अग्नि के समान थी।
(3) कैरी सिरस्से वैज्ञानिक है।
(4) शत शत दीपक जला ज्ञान के, नवयुग का आह्वान करो।

→ क. काव्य पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए। [04]

डाल डाल पर बैठ विहग कुछ,
नये स्वरों में गाते है।
गुन-गुन, गुन-गुन करते भौंरे,
मस्त उधर मँडराते है।
नवयुग की नूतन वीणा में नया राग, नवगान भरो।

→ प्रश्न-3 अ. सही (✓) या गलत (✗) का चिह्न लगाइए। [04]

(1) महमूद ने केवल हामिद को अपना साथी बनाया।	✓
(2) प्रथम महिला अंतरिक्ष यात्री का सम्मान सुनीता विलियम्स को मिला है।	✗
(3) रक्षाबंधन का नाम 'अपराजित' था।	✓
(4) डॉ. कलाम ने कक्षा तीसरी की यादगार घटना सुनाई।	✗

→ ब] सूचनानुसार कीजिए।

1. समानार्थी शब्द लिखिए। [02]
(1) आफत – मुश्किल, संकट
(2) उद्यान – बाग

2. मुहावरें के अर्थ दीजिए। [02]
① धोखा खा जाना – सच्ची बात को न समझ पाना, मूर्ख बनना।
② गले मिलना – प्रेम से भेंटना।

3. शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए। [02]
① ईद की नमाज़ पढ़ने की जगह – ईदगाह
② चमड़े से बनी हुई पानी संग्रह करने की थैली – मशक

4. विरोधी शब्द लिखिए। [02]
① शिक्षित × अशिक्षित
② पुरानी × नई, नयी

5. लिंग-परिवर्तन कीजिए। [02]
① सेठ – सेठानी
② पति – पत्नी

6. वचन-परिवर्तन कीजिए। [02]
① भाषा – भाषाएँ
② कली – कलियाँ

7. वाक्य में से विशेषण बताईए। [02]
① छात्रालय में बीस छात्र हैं। – बीस
② सूरत ऐतिहासिक नगर है। – ऐतिहासिक

8. उपसर्ग लगाकर नया शब्द लिखिए। [01]
① अ + ज्ञान = अज्ञान

9. प्रत्यय लगाकर नया शब्द लिखिए। [01]
① शान + दार = शानदार

02 | 02 | ना। | 02 | 02 | 02 | 02 | 02 | 01 | 01

प्रश्नः4 [अ] निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए [04]

(1) ऐतिहासिक ग्रंथों में परोपकार के कौन-कौन से उदाहरण मिलते हैं?

→ ऐतिहासिक ग्रंथों में परोपकार के कई उदाहरण मिलते हैं:
(1) महर्षि दधीचि ने मानव कल्याण तथा असुरों के विनाश के लिए अपना शरीर त्याग दिया था। (2) राजा शिबि ने अपने अंग का दान देकर एक कबूतर के प्राण बचाए थे। (3) महर्षि दयानंद ने विष मिलाकर प्राण लेनेवाले रसोइए जगन्नाथ को जान दान देकर बचाई थी।

(2) ऋषि-मुनियों ने हमें क्या सीख दी है?

→ ऋषि-मुनियों ने हमें सीख दी है कि निराश्रितों (बेघरों) को आश्रय दो, दीन-दुखियों और वृद्धों की शारीरिक तथा आर्थिक मदद करो, भूखों को भोजन कराओ और यदि आप विद्वान हों तो विद्या का प्रचार करो।

(3) देश एवं समाज की उन्नति किस प्रकार होगी?

→ यदि सभी लोग अपनी सामर्थ्य और शक्ति के अनुसार परोपकार करते रहें, तो देश और समाज की उन्नति होगी।

(4) इस परिच्छेद को उचित शीर्षक दीजिए।

→ उचित शीर्षक : "परोपकार की महिमा"

→ [ब] मातृभाषा में अनुवाद कीजिए। [04]

बच्चे में _ _ _ _ _ _ गिरती जाती थी।

આળકમાં કેટલો ત્યાગ, કેટલી સદ્ભાવના અને કેટલો વિવેક છે. બીજાને રમકડાં ખરીદતાં અને મીઠાઈ ખાતાં જોઈને એનું મન કેટલું લલચાયું હશે. આટલો સંયમ તેણે શક્યો કઈ રીતે? અમીનાનું મન ગદ્ગદ થઈ ગયું. તે રડવા લાગી. ખોળો ફેલાવીને હામિદને દુઆઓ આપતી જતી હતી અને એની આંખોમાંથી મોટાં-મોટાં આંસુ નીકળતાં જતાં હતાં.

→ [क] रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखिए। [05]

शीर्षक :- नासमझी और जल्दबाजी का नतीजा
अथवा
अविचार का परिणाम

सीख :- बिना सोचे-समझे कोई काम करने से पछताना पड़ता है।

→ [३] निम्नलिखित निबंध में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए। [07]

① सुनीता विलियम्स ② मेरा देश

* निबंध लिखते समय ध्यान में रखने की बातें।
1 निबंध का चुनाव
2 रूपरेखा - प्रारंभ, मध्यभाग, अंत
3 विशेष बातें :(१) भाषा व्याकरण और वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध होनी चाहिए।
(२) वाक्य सरल और स्पष्ट होने चाहिए। उचित विराम चिह्नों का प्रयोग करना चाहिए।
(३) पुनरावृत्ति नहीं होनी चाहिए। चार-पाँच परिच्छेद होने चाहिए।
(४) लिखावट स्वच्छ और सुंदर होनी चाहिए।